:: आबकारी विभाग ::

सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा–2022

प्रश्न पत्र – प्रथम

आदर्श उत्तर (मॉडल आन्सर)

कुल अंक :– 50

समय सीमा :– 2:30 घंटे

प्रश्न पत्र का सीरीज –

अनुक्रमांक : .....

परीक्षार्थी का हस्ताक्षर :

वीक्षक के हस्ताक्षर :

//निर्देश//

1. कृपया निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़े।
2. प्रश्न पत्र को तीन भागों में विभक्त किया गया है। भाग–एक, भाग–दो, भाग–तीन।
3. भाग–एक 15 अंको ; भाग–दो 15 अंको ; भाग–तीन 20 अंको के है।
4. भाग–एक के पांच प्रश्न में से कोई तीन प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
5. भाग–दो के चार प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
6. भाग –तीन के छः प्रश्नों मे से कोई चार प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
7. प्रत्येक मुख्य प्रश्न के अंदर वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। चयनित मुख्य प्रश्न के सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों हो हल करना अनिवार्य है।
8. यदि परीक्षार्थी द्वारा अनिवार्य प्रश्नों के अलावा अन्य वैकल्पिक प्रश्नों का भी उत्तर दिया जाता है तो सरल क्रमांक के अनुक्रम में प्रश्नों के हलों को मान्य किया जावेगा।
9. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न 01 अंक का है।
10. उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र में ही प्रश्नों को हल किया जाना है।
11. प्रश्नों का सही उत्तर, प्रश्नों के नीचे दिए गए डब्बे में अंकित करें। जैसे [क]
12. परीक्षा समाप्ति पर प्रश्न पत्र वीक्षक को जमा किया जावे। किसी भी स्थिति में किसी भी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।
13. परीक्षा समाप्ति के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लिया गया है।

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

कुल अक – 50

प्राप्तांक –

हस्ताक्षर

मूल्यांकनकर्ता

भाग – (एक)

प्रश्न 1 :–

(i). इसरो (ISRO) (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान)की स्थापना कब हुई थी ?

(क) 15 अगस्त 1965 (ख) 15 अगस्त 1969

(ग) 15 अगस्त 1970 (घ) 15 अगस्त 1973

उत्तर – **(ख)**

(ii). सन् 1857 का संग्राम कहां से शुरू हुआ था ?

(क) दिल्ली (ख) अमृतसर

(ग) लाहौर (घ) मेरठ

उत्तर – **(घ)**

(iii). चार वेदों में से सबसे पुराना वेद कौन–सा है ?

(क) ऋग वेद (ख) यजुर्वेद

(ग) साम–वेद (घ) अथर्व वेद

उत्तर – **(क)**

(iv). हाल में हुआ फुटबाल विश्व कप कहां हुए थे ?

(क) कतर (ख) फ्रांस

(ग) क्रोएशिया (घ) पोलैंड

उत्तर – **(क)**

(v). वर्ष 2000 में छत्तीसगढ राज्य की स्थापना के साथ और कौन से राज्य/राज्यों की स्थापना हुई थी ?

(क) उत्तरांखण्ड, नागालैंड (ख) उत्तरांखण्ड, झारखण्ड

(ग) उत्तरांखण्ड, गोवा (घ) गोवा, दिल्ली

उत्तर – **(ख)**

प्रश्न 2 :–

(i). भारत का संविधान कब लागू हुआ ?

(क) 15 अगस्त 1947 (ख) 15 अगस्त 1950

(ग) 26 जनवरी 1950 (घ) 26 जनवरी 1947

उत्तर – **(ग)**

(ii). "मैसूर का शेर" किसे कहते है ?

(क) हैदर अली (ख) टीपू सुल्तान

(ग) बहादुर शाह जफर (घ) उपरोक्त मे कोई नहीं।

उत्तर – **(ख)**

(iii). "दीन–ए–इलाही" के संस्थापक कौन थे ?

(क) बाबर (ख) बलबन

(ग) औरंगजेब (घ) अकबर

उत्तर – **(घ)**

(iv). वर्ष 2023 के पुरूषों के हॉकी विश्व कप किस राज्य में आयोजित है ?

(क) झारखण्ड (ख) ओड़ीशा

(ग) तेलंगाना (घ) कर्नाटक

उत्तर – **(ख)**

(v). छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष क्या है ?

(क) साल (ख) सागौन

(ग) बरगद (घ) नीम

उत्तर – (क)

प्रश्न 3 :–

(i). भारत में पहला लोकसभा चुनाव कब हुआ ?

(क) 1947–1948 (ख) 1949–1950

(ग) 1951–1952 (घ) 1953–1954

उत्तर – (ग)

(ii). ''जलीयॉवाला बाग''में गोली चालन करने वाला अंग्रेज अफसर कौन था ?

(क) लार्ड क्लाईव (ख) वारेन हैस्टिंग

(ग) जनरल लिंलिटगो (घ) जनरल डायर

उत्तर – (घ)

(iii). 'गौतम बुद्ध'' का मूल नाम क्या था ?

(क) गौतम (ख) बुद्ध

(ग) कपील (घ) सिद्धार्थ

उत्तर – (घ)

(iv). निम्न में से कौन सी वस्तु प्रोटिन का स्त्रोत है ?

(क) पनीर (ख) मशरूम

(ग) क एवं ख दोनो है। (घ) दोनो नहीं है।

उत्तर – (ग)

(v). छत्तीसगढ राज्य बनने के समय राज्य में कितने राजस्व जिले थें ?

(क) 12 (ख) 16

(ग) 20 (घ) 18

उत्तर – (ख)

प्रश्न 4 :–

(i). देश का पहला सफल परमाणु परिक्षण कब हुआ ?

(क) 1964 (ख) 1974

(ग) 1984 (घ) 1994

उत्तर – (ख)

(ii). "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस" का गठन कब हुआ था ?

(क) 1865 (ख) 1857

(ग) 1885 (घ) 1895

उत्तर – (ग)

(iii). निम्न मे से कौन–सा मौलिक अधिकार नहीं है ?

(क) समानता का अधिकार (ख) स्वतंत्रता का अधिकार

(ग) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (घ) मनोरंजन का अधिकार

उत्तर – (घ)

(iv). दही का जमना किसकी उपस्थिति के कारण होता है ?

(क) लैक्टोबेसिलस (ख) यीस्ट

(ग) वाईरस (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर – (क)

(v). राज्य का प्रथम लाइवलीहुड कॉलेज कहॉ प्रारंभ किया गया ?

(क) रायपुर (ख) सुकमा

(ग) कोण्डागांव (घ) दंतेवाड़ा

उत्तर – (घ)

प्रश्न 5 :–

(i). भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री कौन थे ?

(क) राकेश शर्मा (ख) कल्पना चावला

(ग) सुनिता विलियम (घ) रमेश शर्मा

उत्तर – (क)

(ii). "आजाद हिन्द फौज" के संस्थापक कौन थे ?

(क) सुभाष चन्द्र बोस (ख) ऑरोबिन्दो घोष

(ग) रविन्द्र नाथ टैगोर (घ) अब्दुल गफ्फार खान

उत्तर – (क)

(iii). निम्न मे से कौन मौलिक कर्त्तव्य है ?

(क) संविधान का पालन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान।
(ख) भारत का संप्रभुता और अखण्डता की रक्षा।
(ग) उपरोक्त दोनों।
(घ) उपरोक्त दोनों नहीं।

उत्तर – (ग)

(iv). निम्न मे से कौन–सी रेखा भारत के मध्य से होकर गुजरती है। ?

(क) भू–मध्य रेखा (ख) कर्क रेखा

(ग) मकर रेखा (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर – (ख)

(v). "अरपा पइरी के धार, महानदी हे अपार ....." के गीतकार कौन है ?

(क) गिरीवर दास वैष्णव (ख) नरेन्द्र देव वर्मा

(ग) गोपाल मिश्र (घ) गंगाधर मिश्र

उत्तर – (ख)

भाग – (दो)

प्रश्न 1 :–

(i). "जिसे दण्ड का भय न हो" वाक्यांश को एक शब्द में अभिव्यक्त करें :–

(क) कुख्यात (ख) उद्दंड

(ग) दुराचारी (घ) चतुर

उत्तर – (ख)

(ii). "प्राचीन" शब्द का विलोम शब्द चुनिए :–

(क) नवाचीन (ख) अवरोह

(ग) अर्वाचीन (घ) समीचीन

उत्तर – (ग)

(iii). निम्न में से "धनुष" का पर्यायवाची चुने :–

(क) धनु (ख) कमान

(ग) उपरोक्त दोनों (घ) उपरोक्त दोनों नहीं।

उत्तर – (ग)

(iv). न मैं किसी की ..... करता हूँ और न किसी से कोई ..... रखता हूँ ?

(क) उपेक्षा, अपेक्षा (ख) अपेक्षा, उपेक्षा,

(ग) अपेक्षा, अपेक्षा (घ) उपेक्षा, उपेक्षा

उत्तर – (क)

(v). यह बडी ..... की बात है कि आपकी बेटी का विवाह होने जा रहा है।

(क) उल्लास (ख) आनंद

(ग) खुशी (घ) कोई नहीं

उत्तर – (ग)

प्रश्न 2 :–

(i). "बहुत बोलने वाला" वाक्यांश को एक शब्द में अभिव्यक्त करें :–

(क) वाचाल (ख) मृदुभाषी

(ग) अकरणीय (घ) अधीर

उत्तर – (क)

(ii). "तम" शब्द का विलोम शब्द चुनिये :–

(क) अतम (ख) प्रतम

(ग) वादी (घ) ज्योति

उत्तर – (घ)

(iii). शब्द "वस्त्र" का पर्यायवाची चुने :–

(क) पट (ख) वसन

(ग) चीर (घ) उपरोक्त सभी।

उत्तर – (घ)

(iv). ..... में सुमिरन सब करें ..... मे करे न कोई :–

(क) सुख, दुख (ख) दुख, सुख

(ग) दुख, मौज (घ) उपरोक्त में कोई नहीं।

उत्तर – (ख)

(v). मुझे ..... है कि मै आपकी सहायता नही कर पाया :–

(क) शोक (ख) खेद

(ग) हर्ष (घ) उपरोक्त में कोई नही।

उत्तर – (ख)

प्रश्न 3 :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नो के उत्तर का चयन कीजिए :–

दूसरो को स्नेह देना और उनका सम्मान करना समाजिक सफलता का एकमात्र मंत्र है। जीवन में सुख–शांति और उन्नति चाहने वाले प्रत्येक महत्वाकांक्षी को सबसे पहले यही सीख धारण करनी चाहिए। युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में कृष्ण ने लोगों के स्वागत की जिम्मेदारी ली और बदले में वे उस यज्ञ के सर्वाधिक पूज्य व्यक्ति माने गए। ईसामसीह, गौतम बुद्ध, महावीर, महात्मा गांधी जैसे महापुरूषों में रंचमात्र भी अभिमान न था। उन्होनें सदैव दूसरो को महत्व दिया और इस तरह से वे स्वंय महान बन गये। मान–सम्मान का मूल्य चुकाना असंभव है। बिना मान–समान के यदि अमृत भी मिले तो विष बन जाता है और मान पूर्वक दिया गया विष अमृत बन जाता है। विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ यही है कि वह गुरू के प्रति सच्चे सम्मान का भाव अपने हृदय में पैदा करे, अन्यथा उसकी विद्या निष्फल हो जाएगी।

(i) समाजिक सफलता का मंत्र क्या है ?.

(क) महत्वाकांक्षी बनना (ख) दूसरो का सम्मान करना

(ग) सुख–शांति चाहना (घ) उन्नति करना।

उत्तर – (ख)

(ii). राजसूय यज्ञ किसने करवाया था :–

(क) कृष्ण (ख) अर्जुन

(ग) युधिष्ठिर (घ) भीम

उत्तर – (ग)

(iii). यज्ञ में कृष्ण सर्वाधिक पूज्य क्यो माने गये :–

(क) वे भगवान थे।
(ख) वे अर्जुन के सारथी थे।
(ग) उन्होने युधिष्ठिर का राजसूय यज्ञ करवाया
(घ) उन्होने लोगों का स्वागत करने की जिम्मेदारी ली।

उत्तर – (घ)

(iv). विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ क्या है :–

(क) वह मां सरस्वती की पूजा करे
(ख) वह मन लगा कर अध्ययन करे
(ग) वह गुरू के प्रति हृदय मे सच्चा सम्मान रखें
(घ) वह पढ़ने से जी न चुराए।

उत्तर – (ग)

(v). मान–सम्मान का मूल्य चुकाना :–

(क) संभव है
(ख) असंभव है
(ग) किसी की मद्द लेकर चुकाना संभव है।
(घ) उपरोक्त में कोई नही।

उत्तर – (ख)

प्रश्न 4 :–

निम्नलिखित गद्यांश को पढकर प्रश्नो के उत्तर का चयन कीजिए :–

ऐसे लोग मोह को बढा कर, तृष्णा को उत्पन्न करके अपनी दयनीय स्थिति बना लेते है। प्रभु तो उनकी सहायता करते है जो अपनी सहायता स्वंय करते है। आत्मनिर्भता स्वावलांबियों की आराध्य देवी है। इस देवी की उपासना से उनका आलस्य भयभीत होकर भाग जाता है। कायरता नष्ट हो जाती है तथा संकोच समाप्त हो जाता है। आत्मविश्वास उत्पंन्न होता है और आत्मगौरव जागृत हो जाता है। स्वावलंबन मानव में गुणों की प्रतिष्ठा करता है। आत्मविश्वास, आत्मबल, आत्मनिर्भरता, आत्मरक्षा, साहस, संतोष, धैर्य आदि गुण स्वावलंबन के सहोदर है। स्वावलंबन ही जीवन का आभूषण है। स्वावलंबी व्यक्ति समाज तथा राष्ट्र के लिए बल, गौरव एवं उन्नति का द्वार है। सुख, शांति तथा सफलता के प्रदाता है ; आत्मनिर्भरता के परिचायक है ; शौर्य, शक्ति तथा समृद्धि के साधन है।

(i) लोग दयनीय क्यों बन जाते है :–

(क) मोह बढ़ाकर
(ख) तृष्णा उत्पन्न करके
(ग) उपरोक्त दोनो नही
(घ) क एवं ख दोनो

उत्तर – (घ)

(ii). प्रभु किसकी सहायता करते है :–

(क) जो सबकी सहायता करते है।
(ख) जो अपनी सहायता स्वंय करते है।
(ग) जो प्रभु की सहायता करते है।
(घ) जो प्रभु से सहायता मांगते है।

उत्तर – (ख)

(iii). किस देवी की उपासना से स्वावलंबी लोगो का आलस्य भाग जाता है :–

(क) आत्मा की देवी की उपासना से।
(ख) आत्मनिर्भता की देवी की उपासना से।
(ग) आत्मबल की देवी की उपासना से।
(घ) आत्मविश्वास की देवी की उपासना से।

उत्तर – (ख)

(iv). स्वावलंबन का सहोदर कौन नहीं है :–

(क) आत्मविश्वास (ख) आत्मनिर्भरता
(ग) आत्मरक्षा (घ) आलस्य

उत्तर – (घ)

(v). समाज तथा राष्ट्र का बल कैसे लोगो से बढता है :–

(क) स्वावलंबी लोगो से (ख) कायर लोगो से
(ग) कृतध्न लोगो से (घ) उपरोक्त कोई नही।

उत्तर – (क)

भाग – (तीन)

प्रश्न 1 :–

(i). एक फुटबाल टीम द्वारा खेले गए कुल मैचों में से 10 मैच जीते। यह कुल खेले गये मैचो का 40% था। टीम ने कुल कितने मैच खेले –

(क) 40 (ख) 15

(ग) 25 (घ) 50

उत्तर – (ग)

(ii). एक दुकानदार द्वारा एक खिलौना रू. 250/– में खरीदा तथा उसे रू. 285/– में विक्रय किया। दुकानदार को प्राप्त लाभ का प्रतिशत कितना होगा ?

(क) 12% (ख) 13%

(ग) 14% (घ) 15%

उत्तर – (ग)

(iii). एक बॉटलिंग प्लांट में भराई की कुल 5 लाईने कार्यरत है। प्रत्येक लाईन में प्रति घंटे 100 पेटी मदिरा की भराई होती है। प्रत्येक दिवस बॉटलिंग प्लांट में 8 घंटे की भराई होती है। एक दिवस में कितनी पेटी शराब की भराई होगी ?

(क) 2000 पेटी (ख) 4000 पेटी

(ग) 200 पेटी (घ) 400 पेटी

उत्तर – (ख)

(iv). दिये गये क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात करें :–



(क) 12 वर्ग फीट (ख) 24 वर्ग फीट

(ग) 32 वर्ग फीट (घ) 48 वर्ग फीट

उत्तर – (ख)

(v). एक कमरे की लम्बाई 6 मीटर, चौडाई 5 मीटर तथा उँचाई 4 मीटर है। कमरे की चारो दिवारों का कुल क्षेत्रफल क्या होगा ?

(क) 88 वर्ग मीटर (ख) 84 वर्ग मीटर

(ग) 22 वर्ग मीटर (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर – (क)

प्रश्न 2 :–

(i). राम के पास कुल रूपये में से 75% खर्च करने के बाद रू. 600/– बचा। राम के पास प्रांरभ में कितने रूपये थे ?

(क) 2400 रूपये (ख) 4800 रूपये

(ग) 1200 रूपये (घ) 3600 रूपये

उत्तर – (क)

(ii). ऋषि ने रू. 2200/–में घडी खरीदी। उसने उसे रू. 1980/– में बेच दिया। ऋषि को हुए हानि का प्रतिशत क्या होगा ?

(क) 10% (ख) 8%

(ग) 12% (घ) 6%

उत्तर – (क)

(iii). मोमबत्ती बनाने की ईकाई में प्रति दिन 200 पैकेट मोमबत्ती का निर्माण होता है। प्रत्येक पैकेट में 5 मोमबत्ती रहती है। यदि ईकाई में 100 मजदूर कार्यरत है। तो प्रतिदिन प्रति मजदूर कितनी मोमबत्ती का निर्माण होगा ?

(क) 10 (ख) 8

(ग) 6 (घ) 4

उत्तर – (क)

(iv). एक चतुर्भुज मैदान जिसकी लम्बाई 50 मीटर है को समतल करने में प्रतिवर्ग मीटर 10/– का खर्च आता है। सम्पूर्ण मैदान को समतल करने में कितना खर्च आयेगा ?

(क) 2,50,000/– (ख) 25,00,000/–

(ग) 25,000/– (घ) 2500/–

उत्तर – (ग)

(v). एक घनाभ जिसकी लम्बाई 10 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर तथा उँचाई 2.5 मीटर है तो घनाभ का आयतन कितना होगा ?

(क) 100 मीटर^3 (ख) 200 मीटर^3

(ग) 100 मीटर^2 (घ) 200 मीटर^2

उत्तर – (ख)

प्रश्न 3 :–

(i). एक नर्सरी मे कुल 500 पौधे है। 5% पौधे गुलाब के है तथा 1% पौधे आम के है। अन्य प्रकार के कुल कितने पौधे नर्सरी में है ?

(क) 470 (ख) 475

(ग) 465 (घ) 480

उत्तर – **(क)**

(ii). श्याम ने रू. 5500/– मे एक टीवी खरीदा। टीवी को ठीक कराने में उसे रू. 1000/– का खर्च आया। उसे रू. 7000/– में बेचा। श्याम को कितने रूपये का लाभ हुआ ?

(क) 700 (ख) 800

(ग) 600 (घ) 500

उत्तर – **(घ)**

(iii). एक कारीगर (दर्जी) एक दिन में 03 शर्ट सिलता है। वह माह में 25 दिन काम करता है। एक वर्ष में दर्जी कितनी शर्ट सिलेगा ?

(क) 200 शर्ट (ख) 300 शर्ट

(ग) 600 शर्ट (घ) 900 शर्ट

उत्तर – **(घ)**

(iv). एक एकड़ भूमि में कितना वर्ग फीट क्षेत्र होगा ?

(क) 43,000 वर्ग फीट (ख) 43,500 वर्ग फीट

(ग) 43,560 वर्ग फीट (घ) 44,560 वर्ग फीट

उत्तर – **(ग)**

(v). एक घन जिसकी लम्बाई 10 मीटर है, घन का आयतन क्या होगा ?

(क) 1000 मी^{3} (ख) 10000 मी^{3}

(ग) 20000 मी^{3} (घ) 25000 मी^{3}

उत्तर – (क)

प्रश्न 4 :–

(i). रोहित को परीक्षा में 98 अंक हासिल हुए। यह कुल अंको का 56% है। कुल अंक कितने है ?

(क) 150 (ख) 175

(ग) 200 (घ) 250

उत्तर – (ख)

(ii). राज ने एक पंखा रू. 1200/– में खरीदा। उसने उस पंखा को 10% के लाभ में विक्रय किया। पंखे का कुल विक्रय मूल्य क्या होगा ?

(क) रू. 1320/– (ख) रू. 1300/–

(ग) रू. 1280/– (घ) रू. 1260/–

उत्तर – (क)

(iii). एक वाहन चालक 70 कि.मी./घंटे की रफ्तार से वाहन चलाता है। दिन भर में वह 10 घंटे कार्य करता है जिसमें वह 01 घंटे भोजन अवकाश लेता है। वह एक दिन मे कितनी दूरी तय करेगा ?

(क) 775 कि.मी (ख) 675 कि.मी

(ग) 650 कि.मी (घ) 630 कि.मी

उत्तर – (घ)

(iv). 0,25 का भिन्न क्या होगा ?

(क) 1/2 (ख) 1/4

(ग) 1/3 (घ) 2/4

उत्तर – (ख)

(v). एक कमरा जिसकी लम्बाई 8 मीटर, चौडाई 6.5 मीटर तथा उँचाई 3.5 मीटर है तो कमरे में हवा का आयतन क्या होगा ?

(क) 150 मी^{3} (ख) 180 मी^{3}

(ग) 182 मी^{3} (घ) उपरोक्त में से कोई नही।

उत्तर – (ग)

प्रश्न 5 :–

(i). एक कंपनी में 80 इंजीनियर कार्यरत है। कंपनी में कार्यरत कुल कर्मचारियों में इंजीनियरों का प्रतिशत 40% है। कंपनी मे कुल कितने कर्मचारी कार्यरत है।

(क) 200 (ख) 100

(ग) 40 (घ) 80

उत्तर – (क)

(ii). यदि 24 आमो का क्रय मूल्य रू. 240/– है उसको रू. 300/– में बेचा गया तो लाभ का प्रतिशत क्या होगा ?

(क) 10% (ख) 15%

(ग) 20% (घ) 25%

उत्तर – (घ)

(iii). एक मजदूर दिनभर में 90 बोरी चावल ट्रक से उतारता है। प्रतिबोरी उतारने की मजदूरी 10/– रू. लेता है। दिन भर में 75 बोरी ट्रक में चढ़ाता भी है। जिसके लिए प्रतिबोरी 15/–रू. लेता है। एक दिन की कुल मजदूरी कितनी होगी ?

(क) 2025/– (ख) 2000/–

(ग) 1200/– (घ) 1000/–

उत्तर – (क)

(iv). 8/64 को दशमलव में परिवर्तित कीजिए :–

(क) 0.125 (ख) 0.135

(ग) 0.235 (घ) 0.313

उत्तर – (क)

(v). एक बक्सा जिसकी लम्बाई 7 मीटर एवं चौडाई 5 मीटर है, तथा उँचाई 3 मीटर है तो बक्से का आयतन क्या होगा :–

(क) 105 मी^{3} (ख) 110 मी^{3}

(ग) 115 मी^{3} (घ) 120 मी^{3}

उत्तर – (क)

प्रश्न 6 :–

(i). 30 विद्यार्थियों में से 70% गणित मे अच्छे है। अतः ऐसे विद्यार्थियों की संख्या जो गणित में अच्छे नही है क्या होगी।

(क) 6 (ख) 7

(ग) 8 (घ) 9

उत्तर – (घ)

(ii). 200 किलो शक्कर को 15/– प्रति किलो की दर से क्रय कर 5% लाभ पर विक्रय किया गया। प्रति किलो विक्रय दर क्या होगी।

(क) 15/– (ख) 20/–

(ग) 15.50/– (घ) 15.75/–

उत्तर – (घ)

(iii). एक विद्यार्थी को अंकगणित का एक प्रश्न हल करने मे 5 मिनट का समय लगता है, रेखागणित के एक प्रश्न हेतु 10 मिनट, लाभ–हानि का एक प्रश्न हेतु 5 मिनट तथा बीजगणित का एक प्रश्न हल करने में 10 मिनट का समय लगता है। यदि प्रश्न पत्र मे 04 प्रश्न अंकगणित के, 02 प्रश्न रेखागणित के, 02 प्रश्न लाभ–हानि के, 01 प्रश्न बीजगणित के पूछे गये। तो प्रश्न पत्र विद्यार्थी द्वारा कितने मिनट में पूरा किया जावेगा ?

(क) 45 मिनट (ख) 90 मिनट

(ग) 30 मिनट (घ) 60 मिनट

उत्तर – (घ)

(iv). एक फीट में कितना मिली मीटर होता है ?

(क) 30 मिली मीटर (ख) 12 मिली मीटर

(ग) 300 मिली मीटर (घ) 150 मिली मीटर

उत्तर – (ग)

(v). एक स्वीमिंग पूल जिसकी लम्बाई 10 मीटर, चौडाई 5 मीटर तथा गहराई 3 मीटर है। स्वीमिंग पूल का आयतन कितना होगा ?

(क) 100 मी^{3} (ख) 115 मी^{3}

(ग) 150 मी^{3} (घ) 200 मी^{3}

उत्तर – (ग)

==========000==========

:: आबकारी विभाग ::

सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा–2022

प्रश्न पत्र – द्वितीय

आदर्श उत्तर (मॉडल आन्सर)

कुल अंक :– 50

समय सीमा :– 2:30 घंटे

प्रश्न पत्र का सीरीज –

अनुक्रमांक : .....

परीक्षार्थी का हस्ताक्षर :

वीक्षक के हस्ताक्षर :

//निर्देश//

1. कृपया निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़े।
2. प्रश्न पत्र को तीन भागों में विभक्त किया गया है। भाग–एक, भाग–दो, भाग–तीन।
3. भाग–एक 20 अंको ; भाग–दो 15 अंको ; भाग–तीन 15 अंको के है।
4. भाग–एक का प्रश्न क्रमांक 01 हल करना अनिवार्य है, जिसमें दिए 15 प्रश्नों में से कोई 10 प्रश्न हल किया जाना अनिवार्य होगा।
5. भाग–एक के प्रश्न क्रमांक दो, तीन एवं चार में से कोई दो प्रश्न हल किया जाना अनिवार्य है।
6. भाग–दो में दिए गए चार प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
7. भाग–तीन में दिए गए पॉच प्रश्नों में से कोई तीन प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
8. प्रत्येक मुख्य प्रश्न के अंदर वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गए हैं। चयनित मुख्य प्रश्न के सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों हो हल करना अनिवार्य है।
9. यदि परीक्षार्थी द्वारा अनिवार्य प्रश्नों के अलावा अन्य वैकल्पिक प्रश्नों का भी उत्तर दिया जाता है तो सरल क्रमांक के अनुक्रम में प्रश्नों के हलों को मान्य किया जावेगा।
10. प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न 01 अंक का है।
11. उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र में ही प्रश्नों को हल किया जाना है।
12. प्रश्नों का सही उत्तर, प्रश्नों के नीचे दिए गए डब्बे में अंकित करें। जैसे [क]
13. परीक्षा समाप्ति पर प्रश्न पत्र वीक्षक को जमा किया जावे। किसी भी स्थिति में किसी भी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं है।
14. परीक्षा समाप्ति के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लिया गया है।

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

कुल अक – 50

प्राप्तांक –

हस्ताक्षर

मूल्यांकनकर्ता

भाग – (एक)

प्रश्न 1 :– टीप – प्रश्न 1 के 15 प्रश्नों मे से 10 प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(i). राज्य शासन के कर्मचारियों हेतु छ.ग. वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 किस दिनांक से लागू है ?

(क) 01 जनवरी 2016 (ख) 01 जुलाई 2016

(ग) 01 जनवरी 2017 (घ) 01 जुलाई 2017

उत्तर – (क)

(ii). यदि पति–पत्नि दोनो शासकीय सेवक हो तो महगाई भत्ते की पात्रता किसे होगी ?

(क) पति को (ख) पत्नि को

(ग) दोनो में जिसका मूल वेतन ज्यादा हो

(घ) दोनो को पृथक–पृथक उनके वेतन के आधार पर

उत्तर – (घ)

(iii). शासकीय सेवक को गोपनीय प्रतिवेदन पर प्रतिकूल टिप्पणी प्राप्त होने के दिनांक से कितने दिवस के भीतर प्रतिवदेन देने की स्वतंत्रता होगी ?

(क) 15 दिवस (ख) 03 माह

(ग) 01 माह (घ) 02 माह

उत्तर – (ख)

(iv). यात्रा भत्ता के गणना के लिए शासकीय सेवकों को कितनी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है ?

(क) 02 श्रेणी (ख) 05 श्रेणी

(ग) 07 श्रेणी (घ) कोई श्रेणी नही

उत्तर – (ख)

(v). शासकीय कर्मचारी को शासकीय कार्य हेतु हवाई यात्रा की अनुमति देने का अधिकार किसे है ?

(क) प्रशासकीय विभाग (ख) विभाग प्रमुख

(ग) कार्यालय प्रमुख (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर – (क)

(vi). चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन, निर्धारित प्रारूप में, व्यय किये जाने की तारीख से कितनी माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य है ?

(क) दो माह (ख) तीन माह
(ग) पांच माह (घ) छः माह

उत्तर – (घ)

(vii). आबकारी उप–निरीक्षक के पद पर भर्ती हेतु पुरूष अभियार्थी की न्यूनतम उॅचाई कितनी होनी चाहिए ?

(क) 165 से.मी. (ख) 167 से.मी.
(ग) 169 से.मी. (घ) 172 से.मी

उत्तर – (क)

(viii). शासकीय सेवक की प्रथम पुत्री की विवाह हेतु स्वीकृतकर्ता अधिकारी शासकीय सेवक के सामान्य भविष्य निधि से विशेष परिस्थिति में कितनी राशि स्वीकृत कर सकते है ?

(क) 15 माह के वेतन के बराबर राशि
(ख) जमा राशि के 75 प्रतिशत के बराबर राशि
(ग) उपरोक्त दोनो में से जो भी कम हो
(घ) उपरोक्त दोनो में से जो भी अधिक हो।

उत्तर – (ग)

(ix). किसी शासकीय सेवक को भूखण्ड के मूल्य सहित स्वंय के निवास हेतु मकान बनाने के लिए आंशिक अंतिम विकर्षण प्राप्त करने हेतु न्यूनतम सेवाकाल अवधि किनती है ?

(क) 08 वर्ष (ख) 10 वर्ष
(ग) 12 वर्ष (घ) 20 वर्ष

उत्तर – (ख)

(x). ''छत्तीसगढ उत्कृष्ठ खिलाडियों को शासकीय सेवा में नियुक्त करने की नीति 2007'' में उत्कृष्ठ खिलाडियों को शासकीय सेवा में सीधे नियुक्ति हेतु अधिकत्म आयु सीमा में कितने वर्षो की छूट दी गई है ?

(क) 03 वर्ष (ख) 05 वर्ष
(ग) 07 वर्ष (घ) उपरोक्त में से कोई नही

उत्तर – (ख)

(Xi). सीधी भर्ती के पदों पर चयनित शासकीय सेवको को परिवीक्षा अवधि के प्रथम वर्ष में निम्न अनुसार स्टॉयपेण्ड देय है ?

(क) उस पद के वेतनमान के न्युनतम का 50 प्रतिशत
(ख) उस पद के वेतनमान के न्युनतम का 60 प्रतिशत
(ग) उस पद के वेतनमान के न्युनतम का 65 प्रतिशत
(घ) उस पद के वेतनमान के न्युनतम का 70 प्रतिशत

उत्तर – (घ)

(Xii). यदि शासकीय सेवक स्वंय के मकान में निवास करता है तो उसे गृह भाड़ा भत्ता ?

(क) देय होगा
(ख) देय नही होगा
(ग) आंशिक देय होगा
(घ) उपरोक्त में कोई नहीं।

उत्तर – (क)

(Xiii). यदि मुख्यालय बिना परिवर्तित हुये स्थानांतरण होता है तो कितने दिवस पदग्रहण काल की पात्रता होगी ?

(क) 10 दिवस
(ख) 05 दिवस
(ग) 03 दिवस
(घ) 01 दिवस

उत्तर – (घ)

(XiV). किसी शासकीय सेवक हो सम्पूर्ण सेवाकाल में कितने माह के अध्ययन अवकाश की पात्रता होती है ?

(क) 24 माह
(ख) 18 माह
(ग) 12 माह
(घ) 06 माह

उत्तर – (क)

(XV). किसी शासकीय सेवक के अवकाश लेखा में एक वर्ष में कितने दिनों का अर्जित अवकाश जमा होता है ?

(क) 07 दिवस
(ख) 15 दिवस
(ग) 30 दिवस
(घ) 45 दिवस

उत्तर – (ग)

प्रश्न 2 :–

(i). कोई भी शासकीय कर्मचारी किसी राजनैतिक दल या राजनैतिक संगठन का ... ?

(क) सदस्य बन सकता है।
(ख) सदस्य नही बन सकता
(ग) विभागाध्यक्ष की अनुमति से सदस्य बन सकता है।
(घ) शासन की अनुमति से सदस्य बन सकता है।

उत्तर – (ख)

(ii). सेवा निवृत्त होने पर शासकीय सेवक को अधिकतम कितने दिवस अर्जित अवकाश के नकदीकरण की पात्रता होगी :–

(क) 300 दिवस
(ख) 240 दिवस
(ग) 180 दिवस
(घ) 360 दिवस

उत्तर – (ख)

(iii). किसी शासकीय सेवक को अपनी, चल, अचल तथा मूल्यवान संपत्ति का विवरण कब देना होता है ?

(क) शासकीय सेवा में आने पर
(ख) प्रत्येक वर्ष
(ग) उपरोक्त दोनों नही
(घ) (क) एवं (ख) दोनों

उत्तर – (घ)

(iv). निम्न में से कौन सा भत्ता शासकीय कर्मचारी को देय नही है ?

(क) गृह भाड़ा भत्ता
(ख) वर्दी धुलाई भत्ता
(ग) मंहगाई भत्ता
(घ) मनोरंजन भत्ता

उत्तर – (घ)

(v). किसी व्यक्ति की शासकीय सेवा पर नियुक्ति पर कितने वर्ष की परिवीक्षा अवधि निर्धारित है ?

(क) 3 वर्ष
(ख) 2 वर्ष
(ग) 1 वर्ष
(घ) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर – (क)

प्रश्न 3 :–

(i). शासकीय सेवक की मृत्यु पश्चात् निम्न में से कौन अनुकम्पा नियुक्ति हेतु पात्र नही है ?

(क) दिवगंत शासकीय सेवक की पत्नि
(ख) दिवगंत शासकीय सेवक का भाई
(ग) दिवगंत शासकीय सेवक का दत्तक पुत्र
(घ) दिवगंत शासकीय सेवक की आश्रित विधवा पुत्री।

उत्तर – **(ख)**

(ii). किसी शासकीय सेवक के अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थिति की अधिकत अवधि क्या है:–

(क) 01 वर्ष (ख) 03 वर्ष

(ग) 05 वर्ष (घ) 6 माह

उत्तर – **(ख)**

(iii). किसी शासकीय सेवक को उसके खाते में जमा अर्जित/अर्द्धवेतन अवकाश की सूचना कब दी जानी चाहिए ?

(क) अवकाश स्वीकृति आदेश में (ख) प्रत्येक छः माह में

(ग) प्रत्येक वर्ष (घ) उपरोक्त में कोई नही।

उत्तर – **(क)**

(iv). समान्यतः त्यौहार अग्रिम की पात्रता कैलेण्डर वर्ष मे कितनी बार होगी ?

(क) कभी भी (ख) वर्ष में एक बार

(ग) वर्ष में दो बार (घ) उपरोक्त में से कोई नही।

उत्तर – **(ख)**

(v). प्रत्येक शासकीय कर्मचारी सदैव ही ?

(क) पूर्ण रूप से सन्निष्ठ रहेगा (ख) कर्त्तव्य परायण

(ग) ऐसा कोई भी कार्य नही करेगा जो कि उसके लिए अशोभनीय हो
(घ) उपरोक्त सभी

उत्तर – (घ)

प्रश्न 4 :–

(i). शासकीय सेवक को समाचार पत्रों मे लेख हेतु स्वीकृति अपेक्षित नहीं होगी यदि ऐसा लेख विशुद्ध

(क) साहित्यिक हो
(ख) कलात्मक हो
(ग) स्वंय के व्यक्तित्व का हो
(घ) (क) एवं (ख) हो

उत्तर – (घ)

(ii). शासकीय सेवक को कितने दिवस के पितृत्व अवकाश की पात्रता है :–

(क) 10 दिन (ख) 15 दिन

(ग) 20 दिन (घ) 1 माह

उत्तर – (ख)

(iii). किसी महिला शासकीय सेवक को उसकी संतान की किस आयु तक "संतान पालन अवकाश" की पात्रता है ?

(क) 12 वर्ष से कम (ख) 14 वर्ष से कम

(ग) 16 वर्ष से कम (घ) 18 वर्ष से कम

उत्तर – (घ)

(iv). विभागाध्यक्ष द्वारा निलंबित कर्मचारी को कितने दिनो मे आरोप–पत्र दिया जाना अनिवार्य है ?

(क) 90 दिवस (ख) 60 दिवस

(ग) 45 दिवस (घ) 30 दिवस

उत्तर – (ग)

(v). सामान्य भविष्य निधि पर किसका प्रशासकीय अधिकार होता है ?

(क) शासकीय सेवक (ख) राज्य सरकार

(ग) केन्द्र सरकार (घ) महालेखाकार

उत्तर – (ख)

भाग – (दो)

प्रश्न 1 :–

(i). एल, स्टॉउट, पोर्टर किस श्रेणी में आते है ?

(क) व्हिस्की (ख) वोदका

(ग) बीयर (घ) जिन

उत्तर – (ग)

(ii). "मादक द्रव्य" से अभिप्रेत है :–

(क) कोई भी मदिरा (ख) मादक

(ग) मादक औषधि (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर – (घ)

(iii). राज्य शासन आबकारी विभाग के ऐसे वर्गो के तथा ऐसे पदाभिनामों, शक्तियों तथा कर्त्तव्यों से युक्त जिन्हे राज्य सरकार उचित समझे, आबकारी अधिनियम की किस धारा के तहत, ऑफिसर को नियुक्त कर सकेगी ?

(क) धारा 4 के अंतर्गत (ख) धारा 7 के अंतर्गत

(ग) धारा 9 के अंतर्गत (घ) धारा 11 के अंतर्गत

उत्तर – (ख)

(iv). यह घोषित करने की शक्ति कि कौन–सी मदिरा क्रमशः "देशी मदिरा" और" विदेशी मदिरा" समझी जाएगी, किसके पास निहित है ?

(क) राज्य सरकार (ख) आबकारी आयुक्त

(ग) संभागीय उपायुक्त (आबकारी) (घ) अपर आयुक्त आबकारी

उत्तर – (क)

(v). किसी अनुसूचित क्षेत्र में किसी मादक द्रव्य के विनिर्माण के लिए कोई नई विनिर्माण शाला किस की सहमती के बिना स्थापित नही की जा सकती है ?

(क) ग्राम पंचायत (ख) ग्राम सभा

(ग) संरपंच (घ) जिला पंचायत

उत्तर – (ख)

प्रश्न 2 :–

(i). आबकारी संभागों की राज्य में संख्या कितनी है ?

(क) 02 (ख) 03

(ग) 04 (घ) 05

उत्तर – (घ)

(ii). गुड़ या शक्कर के विनिर्माण के अंतिम चरण में निकलने वाली भारी, गहरी रंग अवशेष चाशनी, जो विलयन अथवा रवा के रूप में शक्कर से युक्त हो, एवं जिसका किण्वन किया जा सके –

(क) वास (ख) शीरा

(ग) माल्ट का अनुकल्प (घ) परिशुद्ध स्पिरिट

उत्तर – (ख)

(iii). आबकारी वृत्त में आबकारी उप–निरीक्षक को अपराधों की प्राप्त सूचना किस पंजी में लेख किया जाता है ?

(क) पी–1 (ख) पी–7

(ग) पी–8 (घ) पी–14

उत्तर – (ख)

(iv). छत्तीसगढ आबकारी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संथान की स्थापना कब हुई ?

(क) 2020 (ख) 2021

(ग) 2022 (घ) 2023

उत्तर – (ग)

(v). किसी अनुसूचित क्षेत्र में अनुसचित जन जाति के सदस्य को विशेष पर्व पर स्वंय के द्वारा निर्मित मदिरा की कितनी मात्रा के परिवहन हेतु अनुमति/पास की आवश्यकता नहीं होगी ?

(क) 50 लीटर (ख) 25 लीटर

(ग) 10 लीटर (घ) 05 लीटर

उत्तर – (घ)

प्रश्न 3 :–

(i). छत्तीसगढ़ राज्य में शराबबंदी हेतु गठित राजनैतिक समिति के अध्यक्ष कौन है ?

(क) श्री कवासी लखमा (ख) श्री द्वारिकाधीश यादव

(ग) श्री कुंवर सिंह निषाद (घ) श्री सत्यनारायण शर्मा

उत्तर – (घ)

(ii). आबकारी उप–निरीक्षक का नियुक्तिकर्त्ता कौन है ?

(क) जिले का कलेक्टर (ख) संभाग आयुक्त (राजस्व)

(ग) आबकारी आयुक्त (घ) राज्य शासन

उत्तर – (ग)

(iii). आबकारी विभाग के सबसे छोटी प्रसाशनिक ईकाई क्या है ?

(क) राज्य (ख) संभाग

(ग) जिला (घ) वृत्त

उत्तर – (घ)

(iv). छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कोर्पोरेशन के अध्यक्ष कौन होता है ?

(क) आबकारी मंत्री (ख) मुख्य सचिव

(ग) सचिव (आबकारी) (घ) प्रबंध संचालक

उत्तर – (ख)

(v). आबकारी वृत्त कार्यालय में संधारित "पी–2" फार्म किस हेतु उपयोग किया जाता है

(क) पत्रों के आवक–जावक इन्द्राज हेतु।
(ख) वृत्त उप–निरीक्षक द्वारा माह में किये गये निरीक्षण एवं भ्रमण की मासिक जानकारी।
(ग) वृत्त उप–निरीक्षक की पांक्षिक दैनंदिनी।
(घ) वृत्त उप निरीक्षक की भ्रमण पंजी।

उत्तर – (ग)

प्रश्न 4 :–

(i). किसी भी शक्ति का ऐसा एल्कोहल जो ऐसे गुण परिवर्तक जो आबकारी आयुक्त द्वारा अनुमोदित किये जाये, के अधिमिश्रण द्वारा मानव उपयोग के लिए प्रभावी रूप से अनुपयुक्त कर दिया गया हो।

(क) एक्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल (ख) विकृत एल्कोहल

(ग) रेक्टिफाईड स्प्रिट (घ) उपरोक्त में कोई नहीं।

उत्तर – (ख)

(ii). किसी मदिरा की तेजी को ज्ञात करने में निम्न मे से किसका उपयोग नही किया जाता है ?

(क) हाइड्रो मीटर (ख) थर्मामीटर

(ग) साईक्स टेबल (घ) सैक्रोमीटर

उत्तर – (घ)

(iii). प्रदेश में प्रचलित "मसाला" मदिरा की तेजी क्या है ?

(क) 35° अंडर प्रूफ (ख) 25° अंडर प्रूफ

(ग) 42.8° अंडर प्रूफ (घ) 50° अंडर प्रूफ

उत्तर – (ख)

(iv). जिले के आबकारी वृत्त में संधारित "पी–1" पंजी में क्या इन्द्रांज किया जाता है ?

(क) पत्रों का आवक–जावक (ख) उप–निरीक्षक का भ्रमण

(ग) क्षेत्र के ग्रामों का इतिहास (घ) उपरोक्त में कोई नहीं।

उत्तर –(क)

(v). आबकारी विभाग के तहत् करारोपण का अधिकार किसे है ?

(क) आबकारी आयुक्त (ख) राजस्व मण्डल

(ग) राज्य सरकार (घ) उपरोक्त में कोई नही।

उत्तर – (ग)

(भाग – तीन)

प्रश्न 1 :–

(i). कोई भी व्यक्ति / फर्म / कंपनी / संस्था, आसवनी में स्प्रिट का विनिर्माण किस अनुज्ञप्ति के अध्यधीन कर सकता है ?

(क) डी–1 (ख) डी–2

(ग) सी.एस.–1 (घ) डी–3

उत्तर – (क)

(ii). देशी / विदेशी मदिरा दुकानों के अनुज्ञापन अधिकारी कौन है ?

(क) आबकारी आयुक्त
(ख) प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन
(ग) जिला के कलेक्टर
(घ) जिले का आबकारी अधिकारी

उत्तर – (ग)

(iii). अनुज्ञप्ति आदि को रद्द या निलंबित करने की शक्ति आबकारी अधिनियम की किस धारा मे निहित है ?

(क) धारा 31 (ख) धारा 33

(ग) धारा 34 (घ) धारा 39

उत्तर – (क)

(iv). किसी फुटकर मदिरा दुकान जिसमें मदिरा उपभोग की सुविधा हो, उसकी पेट्रोल पम्प से न्यूनतम दूरी कितनी होनी चाहिए ?

(क) 25 मीटर (ख) 25 फीट

(ग) 50 मीटर (घ) 50 फीट

उत्तर – (ग)

(v). प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान की वर्तमान वार्षिक लायसेंस फीस कितनी है ?

(क) रू. 10,000 / – (ख) रू. 15,000 / –

(ग) रू. 20,000 / – (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर – (क)

प्रश्न 2 :–

(i). कोई भी आबकारी अधिकारी किसी व्यक्ति को वारण्ट के बिना गिरफ्तार करने, अधिहरण के दायित्वधीन वस्तु का अभिग्रहण करने और तलाशी लेने की शक्ति किसी धारा के तहत प्राप्त है ?

(क) आबकारी अधिनियम की धारा 51
(ख) आबकारी अधिनियम की धारा 52
(ग) उपरोक्त दोनो।
(घ) उपरोक्त में से कोई नही

उत्तर – **(ख)**

(ii). निम्न में से कौन सा दिवस शुष्क दिवस नही है ?

(क) राम नवमी (ख) स्वतंत्रता दिवस
(ग) महात्मा गांधी जयंती दिवस (घ) मोहर्रम

उत्तर – **(क)**

(iii). छत्तीसगढ भांग नियम 2021 के तहत् भांग की थोक अनुज्ञप्ति के अनुज्ञापन अधिकारी कौन है ?

(क) जिला का आबकारी अधिकारी (ख) जिला का कलेक्टर
(ग) आबकारी आयुक्त (घ) राज्य शासन

उत्तर – **(ग)**

(iv). अनुज्ञप्तियों के निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं हेतु लायसेंसी को दिया जाने वाला आरोप–पत्र :–

(क) पी–13 (ख) पी–9
(ग) पी–14 (घ) पी–16

उत्तर – **(क)**

(v). वर्ष 2022–23 में 3.00.000 की जनसंख्या में अवस्थित अव्यवसायिक क्लब अनुज्ञप्ति (असैनिक विनोद गृह) की वार्षिक लायसेंस फीस कितनी है ?

(क) 5000/– (ख) 1.50,000/–
(ग). 5,00,000/– (घ) 18,00,000/–

उत्तर – (ख)

प्रश्न 3 :–

(i). विभागीय प्रकरणों में आरोपित संधान राशि/शास्ति की सूचना देने का फार्म :–

(क) पी–1 (ख) पी–15

(ग) पी–14 (घ) पी–26

उत्तर – (ख)

(ii). पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आधीन गौठान के विकास तथा रख–रखाव एवं अन्य विकास गतिविधियों के लिए राशि की आवश्यकता की प्रतिपूर्ति हेतु निम्न में से किसके फूटकर विक्रय दर पर प्रतिनग रू. 10/– की दर से "अतिरिक्त आबकारी शुल्क" अधिरोपित किया गया ?

(क) देशी मदिरा के प्रत्येक नग पर
(ख) विदेशी मदिरा (स्प्रिट) के प्रत्येक नग पर
(ग) देशी मदिरा तथा विदेशी मदिरा (स्प्रिट) के प्रत्येक नग पर
(घ) देशी मदिरा तथा विदेशी मदिरा (स्प्रिट)(न्यूनतम ड्यूटी दर)के प्रत्येक नग पर

उत्तर – (घ)

(iii). एफ.एल.3 (होटल बार) अनुज्ञप्ति के अनुज्ञापन प्राधिकारी कौन है ?

(क) कलेक्टर (ख) उपायुक्त आबकारी

(ग) सहायक आयुक्त आबकारी (घ) आबकारी आयुक्त

उत्तर – (क)

(iv). आबकारी वर्ष का अभिप्राय :–

(क) 01 जनवरी से 31 दिसम्बर (ख) 01 अप्रैल से 31 मार्च

(ग) 01 जुलाई से 30 जून (घ) 01 अक्टूबर से 30 सितम्बर

उत्तर – (ख)

(v). सी.एस.2 (घ घ–कम्पोजिट) अनुज्ञप्ति की वार्षिक लायसेंस फीस क्या है ?

(क) 10,000/– (ख) 15,000/–

(ग). 20,000/– (घ) 25,000/–

उत्तर – (ग)

प्रश्न 4 :–

(i). छत्तीसगढ राज्य में विदेशी मदिरा की आपूर्ति हेतु छ.ग. स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन के वर्तमान में कितने गोदाम संचालित है :–

(क) एक (ख) दो

(ग) तीन (घ) पांच

उत्तर – (ख)

(ii). सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करते पकड़े जाने पर व्यक्ति के विरूद्ध किस धारा के तहत कार्यवाही की जावेगी ?

(क) 36 (क) (ख) 36 (ख)

(ग) 36 (ग) (घ) 36 (च)

उत्तर – (घ)

(iii). देशी एवं विदेशी मदिरा के फुटकर विक्रय मूल्यों का निर्धारण किसके द्वारा किया जाता है ?

(क) छ.ग. स्टटे मार्केटिंग कार्पोरेशन लि. द्वारा
(ख) आबकारी आयुक्त द्वारा
(ग) राज्य शासन द्वारा
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर – (ग)

(iv). शॉपिंग मॉल रेस्टोरेंट बार अनुज्ञप्ति किस प्रारूप में प्रदान की जाती है :–

(क) एफ.एल. 1 (ख) एफ.एल. 2

(ग) एफ.एल. 3 (घ) एफ.एल. 3(क)

उत्तर – (घ)

(v). भांग नियम 2021 के अंतर्गत भांग के फुटकर विक्रय हेतु वार्षिक लायसेंस फीस कितनी है ?

(क) 50,000/– प्रति दुकान (ख) 1,00,000/– प्रति दुकान

(ग). 2,00,000/– प्रति दुकान (घ) 5,00,000/– प्रति दुकान

उत्तर – (ग)

प्रश्न 5 :–

(i). छत्तीसगढ मोलासिस नियम किस वर्ष से प्रभावशाली हुए है ?

(क) वर्ष 2023 (ख) वर्ष 2022

(ग) वर्ष 2021 (घ) वर्ष 2020

उत्तर – (ख)

(ii). किसी अनुज्ञप्त परिसर के अन्यत्र किसी व्यक्ति द्वारा 24 पाव देशी मदिरा का विक्रय करते पाया जाता है तो आबकारी अधिनियम 1915 की किस धारा के तहत् कार्यवाही की जावेगी ?

(क) 36 (1)(क) (ख) 36 (1)(ख)

(ग) 34 (2) (घ) 34 (1)(ख)

उत्तर – (घ)

(iii). मदिरा के अवैध परिवहन में उपयोग में लाये गए वाहन को राजसात करने की कार्यवाही आबकारी अधिनियम के तहत किसके द्वारा की जाती है ?

(क) मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (ख) जिले का कलेक्टर
(ग) संभागीय आयुक्त (राजस्व) (घ) आबकारी आयुक्त

उत्तर – (ख)

(iv). अनुज्ञप्ति की समाप्ति पर अतिशेषों का निपटारा, सामान्य अनुज्ञप्ति की शर्तो की किस शर्त के अधीन किया जाता है :–

(क) शर्त क्र. 25 (ख) शर्त क्र. 26

(ग) शर्त क्र. 27 (घ) शर्त क्र. 28

उत्तर – (क)

(v). आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 49 किस प्रावधान को व्यक्त करता है ?

(क) जहरीली शराब के प्रकरण संबंधी
(ख) 05 लीटर से अधिक अवैध मदिरा धारण के प्रकरण संबंधी
(ग). तंग करने वाली तलाशी संबंधी
(घ) पात्रों के अधिग्रहण एवं राजसात संबंधी

उत्तर – (ग)

==========000==========